卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 222 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦19 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## खतरनाक और बीमार कुत्तों को मारने के निर्देश

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। देश में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक और उनके जानलेवा हमलों से आम नागरिकों को सुरक्षित करने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने एक



बेहद बड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जो आवारा कुत्ते लाइलाज रूप से बीमार हैं, रेबीज से पीड़ित हैं या फिर आम जनता के लिए बेहद आक्रामक और खतरनाक साबित हो रहे हैं, उन्हें तय नियमों और प्रोटोकॉल के तहत 'दर्दरहित मौत' (यूथेनेशिया) देने पर विचार किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने पशु जन्म नियंत्रण नियमों (एबीसी) को चुनौती देने वाली सभी अर्जियों और याचिकाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस (शेष पृष्ठ सात पर)

## पूर्व सीएम खंडूड़ी का निधन, शोक की लहर

### मैक्स अस्पताल में चल रहा था पूर्व सीएम का ईलाज,91 वर्ष की उम्र में हुआ निधन

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ राजनेता मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (सेवानिवृत्त) का मंगलवार को निधन हो गया है। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। वे काफी समय से अस्वस्थ होने के कारण देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। उनकी बेटी उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने पिता के निधन की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि खंडूड़ी हृदय संबंधी दिक्कतों से जूझ रहे थे। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वे भारतीय सेना से मेजर जनरल के पद से रिटायर्ड हुए थे और उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा की। वे उत्तराखंड के दो बार मुख्यमंत्री बने। इससे पहले वे केंद्रीय मंत्री भी रहे चुके थे।



भारतीय सेना से रिटायरमेंट के बाद उनका 30 साल का राजनीतिक करियर रहा है। उनके निधन पर प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल खंडूड़ी ने भारतीय सेना में रहते हुए राष्ट्र सेवा, अटूट अनुशासन एवं समर्पण का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन में भी उन्होंने उत्तराखंड के विकास, सुशासन, पारदर्शिता और ईमानदार कार्यशैली की एक मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने प्रदेशहित में अनेक ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उत्तराखंड के विकास को एक नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडूड़ी की सादगी, स्पष्टवादिता एवं बेदाग कार्यकुशलता हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। उनका जाना उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्रीय राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भी पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से नि) के निधन (शेष पृष्ठ सात पर)

## खटीमा में चोरों का आतंक,15 लाख की नकदी समेत लाखों की चोरी

### कई प्रतिष्ठान को बनाया निशाना, वन विभाग कॉलोनी स्थित एसडीओ कार्यालय में भी चोरी

खटीमा(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य बाजार स्थित मेलाघाट रोड पर मंगलवार देर रात चोरों ने कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने गौरी कम्युनिकेशन, संजय इलेक्ट्रॉनिक तथा किशन लाल बत्रा एंड संस सहित अन्य दुकानों के ताले तोड़कर नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। इसी रात वन विभाग कॉलोनी स्थित एसडीओ कार्यालय में भी चोरी की घटना सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मेलाघाट रोड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई थी। साथ ही क्षेत्र की पॉश कॉलोनियों में लगे निजी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है। गौरी कम्युनिकेशन के स्वामी गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि चोर उनकी दुकान में रखी तिजोरी से करीब 15 लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। इसके अलावा मोबाइल फोन और अन्य सामान की चोरी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अन्य दुकानदार भी अपने-अपने नुकसान का हिसाब लगा रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि मेलाघाट रोड पर इससे पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी ठोस नतीजे तक नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)





## एनएच पर शराब से भरा कैंटर पलटा,चालक गंभीर

गदरपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर देर रात शराब से भरा एक कैंटर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जिससे उसमें लदी लाखों रुपये की शराब का भारी नुकसान हो गया। इस भीषण हादसे में कैंटर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि परिचालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, कैंटर संख्या यूके 14-सी 3127 देहरादून से पिथौरागढ़ की ओर जा रहा था। इस कैंटर में करीब 100 पेटी शराब लदी हुई थी। जैसे ही कैंटर गदरपुर क्षेत्र में पहुंचा, तभी अचानक सामने आई एक घोड़ा गाड़ी को बचाने के प्रयास में वाहन (शेष पृष्ठ सात पर)



## विद्युत कटौती के खिलाफ डीजीएम कार्यालय में गरजे कांग्रेसी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस पार्टी के अनेकों पार्षदों, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने आज शहर में लगातार हो रही विद्युत कटौती के विरोध में नगर निगम के सामने स्थित डीजीएम कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर हंगामा किया व तत्काल बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में शहर की अनेक कॉलोनियों, मलिन बस्तियों में 8-10 घंटे की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है, जिससे आम जनता का जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में छोटे बच्चों, बुजुर्गों, व्यापारियों एवं मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में विद्युत की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है, लेकिन विद्युत विभाग सप्लाई को सुचारु रूप से बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। आए दिन लंबी-लंबी कटौती से दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं छोटे कारोबारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया का भी जमकर विरोध किया। उनका कहना था (शेष पृष्ठ सात पर)



## तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाला खरगोश गिरफ्तार

रूद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहल्ले में तलवार लहराकर दहशत फैलाने वाले आरोपी पंकज कोली उर्फ खरगोश को दबोच लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अवैध तलवार बरामद करने के साथ ही आरोपी का आपराधिक इतिहास भी उजागर किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। बीती 13 मई 2026 को चौकी रम्पुरा क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक तलवार लहराते हुए मोहल्ले में दहशत फैलाता दिखाई दे रहा था। वायरल वीडियो का एसएसपी द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जांच के दौरान पता चला कि वायरल वीडियो वार्ड नंबर 23 रम्पुरा का है, जहां आरोपी युवक द्वारा एक परिवार के लोगों से विवाद एवं मारपीट के दौरान तलवार लेकर उनके पीछे दौड़ाया गया था। घटना के बाद आरोपी क्षेत्र में दहशत फैलाकर फरार हो गया था, जिससे आमजन में भय का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रकरण में शिकायतकर्ता राम सेवक पुत्र राम कुमार निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा थाना रुद्रपुर की तहरीर के आधार पर तत्काल अभियोग पंजीकृत (शेष पृष्ठ सात पर)



## नवंबर-दिसंबर के दो सर्वे तय करेंगे किसे मिलेगा टिकट ?

### 2027 का रण: भाजपा में टिकट से पहले प्रदर्शन की अग्निपरीक्षा,12 से अधिक विधायकों के कामकाज पर उठे सवाल

देहरादून। उत्तराखंड में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी हाईकमान ने स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान विधायकों को टिकट वितरण का आधार केवल जमीनी प्रदर्शन, विकास कार्यों की प्रगति, जनता के बीच स्वीकार्यता और जीत की संभावना होगी भाजपा नेतृत्व नवंबर और दिसंबर माह में दो बड़े आंतरिक सर्वे कराने जा रहा है। इन सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर मौजूदा विधायकों के टिकट पर अंतिम




निर्णय लिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पार्टी अब तक तीन सर्वे करा चुकी है, जिनमें 12 से अधिक विधायकों के कार्यशैली और जनसंपर्क पर सवाल उठे हैं। हाईकमान ने अपने सभी विधायकों को अक्टूबर तक अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां दिखाने, लंबित विकास कार्यों को पूरा कराने और जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। संगठन का मानना है कि अगले कुछ महीने कई विधायकों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। पार्टी ने सभी विधायकों को 31 अक्टूबर तक लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों में रहने, जनसमस्याएं सुनने, घोषणाओं को धरातल पर उतारने और विकास योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने को कहा है। विधायकों को मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर लंबित कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनता (शेष पृष्ठ सात पर)

### सर्वे रिपोर्ट बनेगी टिकट की कसौटी

देहरादून। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, फिलहाल किसी मौजूदा विधायक का टिकट काटने का फैसला नहीं हुआ है, लेकिन अंतिम निर्णय पूरी तरह सर्वे रिपोर्ट और सीट की जीत की संभावना पर निर्भर करेगा। यदि किसी सीट पर एंटी-इंकम्बेंसी अधिक पाई गई तो पार्टी नए चेहरे को मौका देने से पीछे नहीं हटेगी।हाईकमान के निर्देश के बाद मंत्रियों और विधायकों की सक्रियता बढ़ गई है। क्षेत्रों में बैठकों, निरीक्षणों और जनसंपर्क कार्यक्रमों की संख्या में तेजी आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं गढ़वाल और कुमाऊं के लगातार दौरों के जरिए विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं।

# विकास योजनाओं के लिए दी 1344 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

## उत्तराखंड में बिजली, पेयजल और पर्यटन सहित कई क्षेत्रों को मिलेगी नई रफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में विद्युत, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, पर्यटन और पार्किंग से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास, आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण, बद्री गाय संरक्षण एवं जिला योजनाओं के सफल क्रियान्वयन आदि हेतु कुल 1344 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस भारी-भरकम बजट को मंजूरी देते हुए प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लिए विकास योजनाओं का रास्ता साफ कर दिया है। इस वित्तीय स्वीकृति के तहत जनपद नैनीताल के बिठौरिया नंबर 1 में विकासनगर कालोनी में नलकूप निर्माण किये जाने हेतु अवशेष धनराशि 63.62 लाख स्वीकृत की गई है। जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट में सरयू वैली एवं शामा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत सब स्टेशन की स्थापना हेतु 6.54 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त 2.00 करोड़ स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र देहरादून कैन्ट के अन्तर्गत बंच केबिल से बचे क्षेत्र में बंच केबिल के कार्य हेतु 4.92 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 1.96 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के ग्राम दरूऊ में डॉ० भीमराव अम्बेडकर पार्क एवं तालाब का सौन्दर्गीकरण किये जाने हेतु 25 लाख और जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम रैतोली में ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड रुद्रप्रयाग के अनावासीय कार्यालय भवन निर्माण हेतु 3.85 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 1.54 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। पशुपालन विभाग के अन्तर्गत भराड़ीसैंण प्रक्षेत्र में बद्री गाय के संरक्षण और संवर्धन हेतु 30.03 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। जनपद देहरादून में नवनिर्मित जिला न्यायालय काम्प्लैक्स में नए जिला न्यायालय परिसर की विशेष



सेवाओं के संचालन तथा जिला न्यायालय परिसर की सफाई के कार्य के लिए कार्यदायी संस्था एनबीसीसी द्वारा गठित आंगणनों की नियोजन विभाग/टी०ए०सी० द्वारा औचित्यपूर्ण लागत क्रमशः 239.51 लाख और 199.86 लाख (कुल 4.39 करोड़) धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला योजना हेतु सुसंगत लेखाशीर्षकों में प्राविधानित धनराशि 1018 करोड़ को समस्त जिलाधिकारियों के निवर्तन पर रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उपकालिक को बिजली पारेषण एवं वितरण राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत टैरिफ छूट हेतु प्राविधानित धनराशि 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है, जिसके सापेक्ष कुल धनराशि 27.74 करोड़ अवमुक्त की गई है। पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु राज्य सरकार की वार्षिक योजना में वाह्य सहायतित योजना (एडीबी पोषित) के अन्तर्गत प्राविधानित बजट 478.88 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 150.00 करोड़ की धनराशि तथा राज्य योजना के अन्तर्गत पी०एफ०सी० वित्त पोषित निर्माणाधीन/संचालित योजनाओं के लिए अशंपूजी के रूप में प्राविधानित बजट के सापेक्ष प्रथम किश्त में 45.00 करोड़ अवमुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही उत्तराखण्ड राज्य पर्यटन विकास परिषद हेतु अनुदान मद में प्राविधानित धनराशि 110 करोड़ के सापेक्ष अवशेष धनराशि 55 करोड़ अवमुक्त करने का अनुमोदन दिया गया है। इसके अलावा जनपद चम्पावत के थाना पाटी में टाइप 2 के 06 एवं टाइप 3 का 01 आवासों के निर्माण हेतु 3.02 करोड़ स्वीकृत किये जाने के साथ ही पर्यटन विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग के कैम्प नाबीढांग में 09 इग्लू हटों का निर्माण किये जाने का अनुमोदन दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा ऊखीमठ पिंगलापानी योजना हेतु 1.00 करोड़ तथा जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र के जामणीखाल में पार्किंग निर्माण हेतु 83.64 लाख के साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु केन्द्राश 25.55 करोड़ के सापेक्ष, 10 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि 2.84 करोड़ की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# शुगर की नकली दवा मामले में परिवाद दायर

## शुगर की नकली दवा जिसमें हिरण के सिंघ तथा भारी मात्रा में एलोपैथिक आदि का उपकरण समेत हुआ था भंडाफोड़

रुद्रपुर/ दिनेशपुर(उद संवाददाता)। दिनेशपुर में शुगर की दवा के नाम पर एलोपैथिक दवाओं का चूर्ण मिलाकर आयुर्वेदिक दवा के रूप में बेचने के मामले में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी की ओर से सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। यह कार्रवाई औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम के तहत की गई है। शासन स्तर पर स्टेट लाइसेंस अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बाद मिसब्रांड, बिना लाइसेंस निर्माण और अन्य उल्लंघनों के तहत कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों के अनुसार, मामले में जब्त दवाओं के नमूने जांच के लिए झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नकली और मिलावटी दवाओं के निर्माण एवं बिक्री में शामिल



लोगों के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने लोगों से अपील की कि यदि किसी के पास इस प्रकरण से संबंधित कोई सूचना, साक्ष्य या शिकायत हो तो वह उपजिलाधिकारी गदरपुर या संबंधित विभागीय अधिकारियों को जानकारी दे सकता है।कुछ समय पूर्व प्रशासन ने दिनेशपुर क्षेत्र में संचालित एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। डीएम के निर्देश पर एसडीएम गदरपुर के नेतृत्व में जिला आयुर्वेदिक विभाग, ड्रग इंस्पेक्टर, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर करीब 7.5 कुंतल मिलावटी आयुर्वेदिक औषधियां और लगभग 70 हजार रुपये मूल्य की मधुमेह उपचार में प्रयुक्त एलोपैथिक दवाएं बरामद की थीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि एलोपैथिक दवाओं को आयुर्वेदिक औषधियों में मिलाकर नकली मधुमेह की दवाएं तैयार की जा रही थीं। वहीं फैक्ट्री परिसर से वन विभाग ने हिरन के सात कटे हुए सींग भी बरामद किए थे। इस मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था।

# कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मीमांसा आर्या ने धरने को दिया समर्थन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। ग्राम प्रधान चुनाव में अतिक्रमण का आरोप लगाकर नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में नानकमत्ता उप तहसील परिसर में पिछले दो सप्ताह से ग्रामीणों का धरना लगातार जारी है। धरने पर बैठे ग्रामीण प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित जांच के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। धरने को समर्थन देने पहुंची यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मिमांसा आर्या ने धरनास्थल पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार और चुनावी मशीनरी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने वाले लोगों को विभिन्न हथकंडे अपनाकर रोका जा रहा है, जिसका कांग्रेस पार्टी सख्ती से विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को निष्पक्ष चुनाव लड़ने का अधिकार है और प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लानी चाहिए। मिमांसा आर्या ने कहा कि ग्रामीणों का धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है और जब तक प्रशासन अतिक्रमण के मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्रामीणों की मांगों को अनदेखा किया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। धरने में कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश वाइस प्रेसिडेंट अशोक राणा, कांग्रेस जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हरिओम राणा, वरिष्ठ कांग्रेसी सुरेंद्र सिंह करनावल, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतनाम सिंह करनावल, बजिंदर सिंह मोमी, सुखविंदर सिंह मोमी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बार-बार पुलिस को चकमा देकर मुंबई भागने वाला वारंटी आखिरकार गिरफ्तार

नानकमत्ता। कोतवाली नानकमत्ता पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" नानकमत्ता।अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त बार-बार पुलिस को चकमा देकर मुंबई भाग जाता था, लेकिन इस बार पुलिस ने घर की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। क्षेत्राधिकारी खटीमा श्री विमल रावत के निर्देशन में न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटों के निष्पादन के लिए अभियान चलाया जा रहा है,जारी गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट के तहत कोतवाली नानकमत्ता प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार शातिर अभियुक्त मनदीप सिंह पुत्र बेअंत सिंह निवासी आरामशीन के पीछे, कस्बा नानकमत्ता, थाना कोतवाली नानकमत्ता, उम्र 27 वर्ष लंबे समय से फरार चल रहा था और बार-बार पुलिस को चकमा देकर मुंबई भाग जाता था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसके घर की चारों ओर से घेराबंदी कर 18 मई 2026 की रात्रि उसे गिरफ्तार कर लिया। अपर उप निरीक्षक कमलेश मेहरा, हेड कांस्टेबल जय कुमार शामिल थे।

# टॉपर प्राची मटेला को ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने किया सम्मानित

रुद्रपुर। उत्तराखंड की मेधावी छात्रा प्राची मटेला ने बोर्ड परीक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऊधमसिंह नगर जिले में प्रथम तथा पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल कर देवभूमि का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने उनके आवास पहुंचकर विशेष सम्मान किया। फाउंडेशन की संस्थापक ममता पांडे और दीपक पांडे ने प्राची को स्मृति चिह्न, पुष्पगुच्छ और सम्मान वस्त्र भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर दीपक पांडे ने कहा कि प्राची की सफलता उनके माता-पिता के त्याग, गुरुजनों के मार्गदर्शन और स्वयं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्राची ने अपने अनुशासन और लगन से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्राची ने बताया कि उन्होंने बिना किसी



कोचिंग या ट्यूशन के स्वयं अध्ययन कर यह सफलता हासिल की। वह नियमित रूप से नोट्स बनाकर पढ़ाई करती थीं और रात के शांत वातावरण में देर रात से सुबह तक अध्ययन करती थीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और ईश्वर के आशीर्वाद को दिया। फाउंडेशन की संस्थापक ममता पांडे ने बताया कि प्राची की माता दीपा मटेला पारंपरिक कुमाऊंनी लोक कला 'ऐपण' के माध्यम से परिवार का सहयोग करती हैं। घर में लगातार गतिविधियों के बावजूद प्राची ने कठिन परिस्थितियों को अपनी सफलता में बाधा नहीं बनने दिया। सम्मान समारोह में फाउंडेशन की ओर से ममता पांडे, दीपक पांडे, सुमित पांडे, लवी पांडे, प्रज्वल पांडे, परिधि पांडे, अवनी पांडे और अक्षत पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्राची और उनके परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने संकल्प लिया कि वह भविष्य में भी संसाधनों के अभाव में संघर्ष कर रहे प्रतिभावान और मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने तथा उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# बड़ा ट्रैफिक फैक्टर बन चुकी है ई-रिक्शा व्यवस्था

काशीपुर। बढ़ती आबादी व अनियंत्रित यातायात के बीच ई-रिक्शा व्यवस्था अब काशीपुर में बड़ा ट्रैफिक फैक्टर बन चुकी है। पुलिस और प्रशासन के पास इससे निजात पाने के कोई सार्थक प्लान नहीं है यही कारण है कि शहर में जाम का दबाव और दुर्घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ज्ञातव्य है कि शहर की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर लम्बे समय से शिकायती आती रही है। आम लोगों का कहना है कि कई बार रिक्शा चालक सकरी गलियों तथा भीड़ भरे बाजारों में वाहन घुसा देते हैं जिससे लंबा जाम लग जाता है। कई बार जाम के कारण पैदल चलना भी मुश्किल होता है। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर नियम विपरीत तरीके से ई रिक्शों का खड़ा होना



ट्रैफिक जाम के झाम को और बढ़ावा दे रहा है। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, अचानक वाहनों को मोड़ना, कहीं भी ई रिक्शा खड़ा कर देना, यात्रियों के लिए सड़क पर अव्यवस्था पैदा करना यहां आम बात हो चुकी है। कुछ लोगों द्वारा ई रिक्शा चालकों पर अभद्र व्यवहार और मनमाना किराया वसूलने का भी आरोप है। माना जा रहा है कि अस्थाई ट्रैफिक प्लान एवं ई-रिक्शा संचालन का स्पष्ट मॉडल यदि प्रशासन लागू करता है तो शहर की बिगडी ट्रैफिक व्यवस्था को वापस पटरी पर लाया जा सकता है। शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर जिस तरीके से ई रिक्शा चालक गदर काटते देखे जा रहे हैं इस लिहाज से कहां जाएगी इन्हें कानून और वर्दी का कोई खौफ नहीं है तो अधिशोक्ति नहीं होगा। टांडा तिराहे और मुख्य चौराहे की हालत पिछले कुछ समय से बहुत खराब है। यहां अवैध ई रिक्शा टेंपो और टैक्सी के अड्डे बनाए गए हैं जहां गुंडा टैक्स के वसूली की सूचना है। मुख्य बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों से होकर फर्राटा भरते ई रिक्शों के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ रहा है।

# विकासखंडों में आयोजित होंगे सुरक्षा जवान भर्ती शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसआईएस लिमिटेड द्वारा सुरक्षा जवानों के पंजीयन एवं भर्ती शिविर का आयोजन जनपद के विभिन्न विकासखंडों में किया जा रहा है। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत इच्छुक पात्र पुरुष अभ्यर्थियों को पंजीकृत कर प्रशिक्षण के बाद स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी। जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भर्ती शिविर का आयोजन विकासखंडवार निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। इसके तहत विकासखंड बाजपुर में 21 एवं 22 मई, गदरपुर में 23 एवं 25 मई, जसपुर में 26 एवं 28 मई, काशीपुर में 29 एवं 30 मई, सितारगंज में 01 एवं 02 जून, खटीमा में 03 एवं 04 जून तथा रुद्रपुर में 05 एवं 06 जून को भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने सभी इच्छुक युवाओं से अपील की है कि वे अपने संबंधित विकासखंड में निर्धारित तिथि पर पहुंचकर भर्ती शिविर में प्रतिभाग करें तथा इस रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी अमित कुमार वर्मा से मोबाइल नंबर 7830225134 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने त्रिशूल चौक की भव्यता को सराहा

## रुद्रपुर के कायाकल्प के लिए महापौर विकास शर्मा की पीठ थपथपाई

रुद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय प्रांतीय प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन के उपरांत संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने रुद्रपुर को एक नई आध्यात्मिक पहचान देने वाले 'त्रिशूल चौक' का अवलोकन किया। कार्यशाला से लौटते समय उन्होंने चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। त्रिशूल चौक की अनुपम सुंदरता और इसके पीछे की सोच से प्रभावित होकर राष्ट्रीय महामंत्री ने महापौर विकास शर्मा की सराहना की और इस अनुकरणीय पहल के लिए उन्हें बधाई दी। अवलोकन के दौरान राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि रुद्रपुर जैसे तेजी से विकसित होते शहर को उसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ना एक उत्कृष्ट दूरदर्शिता है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के इस महत्वपूर्ण शहर में त्रिशूल चौक की स्थापना न केवल स्थानीय नागरिकों में गौरव का भाव पैदा करेगी, बल्कि यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी एक बड़ा आकर्षण का केंद्र बनेगी। प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भी महापौर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन हमेशा ऐसे जनहित और सांस्कृतिक चेतना के कार्यों को प्रोत्साहित करता है, जो शहर के गौरव को बढ़ाने का काम करते हैं। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने राष्ट्रीय महामंत्री को शहर के आगामी विकास योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भगवान रुद्र के नाम पर बसे इस ऐतिहासिक शहर को उनके नाम के अनुरूप ही एक भव्य आध्यात्मिक स्वरूप देने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में त्रिशूल चौक के बाद अब बहुत जल्द



शहर के एक और प्रमुख चौराहे को 'डमरू चौक' के रूप में विकसित किया जाएगा। महापौर ने अत्यंत उत्साह के साथ यह भी साझा किया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष आशीर्वाद से रुद्रपुर शहर में एक भव्य और विशाल 'शिव कॉरिडोर' की स्थापना को मंजूरी मिल चुकी है। यह कॉरिडोर आने वाले समय में रुद्रपुर शहर को संपूर्ण देश में एक नई और विशिष्ट पहचान दिलाएगा। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि इस प्रस्तावित शिव कॉरिडोर में भगवान शिव की एक विशाल और भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही इस पूरे परिसर को एक दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ आकर लोग मानसिक शांति और भक्ति का अनुभव कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रुद्रपुर शहर को सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर बनारस की तर्ज पर आगे बढ़ाने का है, ताकि यहाँ आधुनिक विकास के साथ-साथ सनातन संस्कृति की अविरल धारा भी प्रवाहित होती रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने महापौर के इस विजन का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि महापौर विकास शर्मा के दूरदर्शी और समर्पित प्रयासों से आज रुद्रपुर का वैभव निरंतर बढ़ रहा है। आज त्रिशूल चौक केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि अगाध आस्था के केंद्र के रूप में तब्दील हो चुका है। कुमाऊं और देवभूमि के अन्य हिस्सों में जाने वाले पर्यटक जब यहाँ से गुजरते हैं, तो उन्हें वास्तव में देवभूमि में आगमन का एक सुखद और अलौकिक अहसास होता है। रुद्रपुर को संवारने का यह सिलसिला शहर के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल जिंदल, खटीमा के पालिकाध्यक्ष रामू जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सुनील ठुकराल, भाजपा मंडल महामंत्री पारस चुघ, गौरव जुयाल, विवेक दीप सिंह, पार्षद विष्णु, युवा मोर्चा जिला महामंत्री शशांक वर्मा आदि भी मौजूद रहे ।

# 0001 नम्बर की बोली 5.03 लाख तक जा पहुंची

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वाहनों केवीआईपी और पसंदीदा नंबरों को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। खास नंबर पाने के लिए लोग लाखों रुपये तक खर्च कर रहे हैं, जिससे परिवहन विभाग की आय भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन इस बार एक ऐसा नंबर चर्चा में है, जिसे ऑनलाइन नीलामी में कोई खरीदार ही नहीं मिला। परिवहन विभाग की ओर से आयोजित ऑनलाइन बोली में यूके 04 एटी सीरीज के नंबरों की नीलामी कराई गई। इस दौरान 0001 नंबर के लिए लोगों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और इसकी सबसे ऊंची बोली 5.03 लाख रुपये तक पहुंच गई। वहीं दूसरी ओर 0786 नंबर को एक भी खरीदार नहीं मिला। बताया जा रहा है कि 0786 नंबर का बेस प्राइज एक लाख रुपये रखा गया था। यही वजह है कि इस नंबर को लेकर लोगों ने ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। खास बात यह है कि पिछले साल हुई नीलामी में भी यह नंबर नहीं बिक पाया था।आरटीओ प्रशासन डा. गुरदेव सिंह ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद दोबारा नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विभाग महीने में दो बार बचे हुए नंबरों की बोली आयोजित कर सकता है। दरअसल, वाहन मालिक अपनी पसंद, ज्योतिष, शुभ अंक और पुराने नंबरों के आधार पर वीआईपी नंबर लेने में रुचि दिखाते हैं। इसी वजह से परिवहन विभाग ने ऑनलाइन बोली प्रणाली लागू की है। विभाग की ओर से विभिन्न नंबरों के लिए दो हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक का बेस प्राइज तय किया गया है। इस बार 0001 नंबर ने जहां रिकॉर्ड बोली हासिल की, वहीं 0786 नंबर का खाली रह जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विशाल गंगवार गलत संगतों में पड़ गया है। विशाल आये दिन हमारे साथ घर में कलह करता हैं। काफी समझाने के बाद भी उसके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। जिस कारण मैंने विशाल गंगवार को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। अपने किसी भी कृत्य के लिए विशाल गंगवार स्वयं जिम्मेवार होगा।

**ज्ञान प्रकाश पुत्र श्री पूरन लाल**
निवासी साईं इन्क्लेव कालौनी, बगवाड़ा रोड,रूद्रपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड

# मांगे न मानने पर 25 व 26 मई को देशव्यापी बैंक हड़ताल का ऐलान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को हल्द्वानी के कुसुमखेड़ा स्थित प्रशासनिक कार्यालय में बैंक कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन किया। धरने में हल्द्वानी मॉड्यूल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बैंक कर्मियों ने भाग लेकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरने का नेतृत्व कर रहे स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के अध्यक्ष कॉमरेड कुलदीप सिंह बवेजा ने कहा कि यह प्रदर्शन आगामी देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी है। यदि कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो 25 और 26 मई को पूरे देश में बैंक हडताल की जाएगी।उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारी हर संकट के समय देश और सरकार के साथ खड़े रहे हैं। महामारी से लेकर सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंक कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन आज कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। बैंक कर्मचारियों ने संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती, बैंकों में पर्याप्त स्टाफ नियुक्ति, नेशनल



पेंशन स्कीम में प्रबंधक बदलने का प्रावधान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना की समीक्षा, करियर प्रगति योजना में सुधार, कामगार निदेशक की नियुक्ति और क्रॉस सेलिंग के नाम पर गलत बिक्री बंद करने जैसी मांगें उठाईं। धरने में सहायक महासचिव चंदन सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय सचिव ओम प्रकाश नियोलिया, आँचलिक सचिव लोकेश गरुरानी, हेम चंद्र आर्या, रमेश बिष्ट, मोहन जोशी, भवान सिंह महरा, आशीष प्रेमी, सचिन बलदिया, गणेश मर्तोलिया, कविता पाण्डेय, धना कोरंगा, गौरव बिष्ट, रेनू बिष्ट, तेज सिंह बसेड़ा, राजीव मनराल, महेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

# शुभ व सतकार्यों को नहीं, अशुभ कार्यों को कल पर टालो- हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीशवर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं।क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी



उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत रखें। माता-पिता, गुरुजनों, शास्त्र, संस्कृति के प्रति श्रद्धा आदर का भाव रखने को भी कहा। संसार की हर वस्तु, पदार्थ, प्राणी नाशवान है। इनका सदैव साथ नहीं रहता तथा परमात्मा का साथ कभी नहीं छूटता है। अत: हमें जगत की यथासामरथय सेवा करनी चाहिए तथा सेवा का अवसर मिलने पर स्वयं को सौभाग्यशाली समझना चाहिए व सेवा के आये इस अवसर को हाथ से न जाने देने पर स्वयं को परम सौभाग्यशाली समझना चाहिए। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या की जय जयकार से गूंज उठा। इससे पूर्व श्री महाराज का श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर पधारने पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया।

# धर्मांतरण और अवैध गतिविधियों पर सख्ती के निर्देश

## डीएम ने कानून व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने को कहा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और पुलिस क्षेत्राधिकारियों को धर्मांतरण, अवैध नशे, अतिक्रमण, अवैध धार्मिक संरचनाओं तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धर्मांतरण करने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग एससी एसटी के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धर्मांतरण करने वाले लोगों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने जनपद की कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द, अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने महिला सुरक्षा, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, पॉक्सो मामलों, चोरी, गृहभेदन, नशे के कारोबार, अवैध इंजेक्शन, मिलावटी दवाइयों तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिक विवादों और विभिन्न संगठनों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों द्वारा कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित वेतन दिया जा रहा है या नहीं, इसकी भी निगरानी की जाये। जिलाधिकारी ने उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 2018 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि धर्मांतरण से जुड़ी प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ



त्वरित कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण गतिविधियों में इस्तेमाल किये जाने वाले संभावित स्थलों, भवनों और प्रार्थना स्थलों की नियमित निगरानी की जाये तथा उनकी वैधानिक स्थिति की जांच की जाये। कहीं भी अवैध गतिविधि मिलने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। धर्मांतरण से जुड़े व्यक्तियों और तत्वों की पहचान कर उन पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिये गये। अवैध धार्मिक संरचनाओं को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी भूमि अथवा नियमों के विपरीत निर्मित किसी भी अवैध धार्मिक संरचना के खिलाफ निष्पक्ष और विधिसम्मत कार्रवाई की जाये। उन्होंने भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण, पुलिस को प्राप्त शिकायतों का उप जिलाधिकारी स्तर पर समयबद्ध समाधान, राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये। खंड विकास अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध धार्मिक संरचनाओं को चिन्हित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, विकास, राजस्व और समाज कल्याण विभागों के संयुक्त शिविर आयोजित कर जनसमस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण और निगरानी बढ़ाने के निर्देश भी दिये। साथ ही नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर, उप जिलाधिकारी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कल्याणी नदी में किये गये अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस देने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये ताकि वर्षाकाल में शहर में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर आयुक्त, खंड विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

# दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

## भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं को दिया संगठन की विचारधारा, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम का संदेश





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित एम्बीएंस बैंक्वेट हॉल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस में कुल छह महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें व्यावहारिक सत्र, स्थायी कार्यक्रम एवं बूथ प्रबंधन, मन की बात, सोशल मीडिया प्रबंधन तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष की विशेष उपस्थिति रही। हालांकि उन्होंने अंतिम सत्र में अपना संबोधन दिया, लेकिन उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में पूरे दिन विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता विकास एवं जनसंपर्क को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन एवं आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। सांसद अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। प्रशिक्षण शिविर का अंतिम एवं अत्यंत प्रेरणादायी सत्र विचार परिवार विषय पर आयोजित हुआ, जिसे राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ कार्य करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार और संस्कारों का परिवार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा, समर्पण और संगठन के मूल मंत्र के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता केके दास, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, राज्यसभा सांसद अजय पाल मौर्य, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला महामंत्री रमेश जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल एवं सह प्रभारी साहब के अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनके साथ ही सर्व व्यवस्था प्रमुख राकेश सिंह एवं वर्ग पालक धीरेंद्र मिश्रा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## विधायक शिव ने आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी में सीसी सड़क व मंदिर सौंदर्यकरण कार्य का किया लोकार्पण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नंबर 35 आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी में दो महत्वपूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया। बंगाली कॉलोनी पहुंचने पर पार्षद पति गोविंद राय के नेतृत्व में स्थानीय लोगों द्वारा विधायक शिव अरोरा का फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के तहत विधायक शिव अरोरा द्वारा विधायकनिधि से स्वीकृत गोपाल के घर से रखात दास के घर तक 28 मीटर लंबी और 2.25 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का जनता को समर्पण किया गया। इसके साथ ही बंगाली कॉलोनी में हजारों लोगों की आस्था के केंद्र शनि मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य का 4.25 लाख की लागत से नारियल फोड़कर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी जो बंगाली बाहुल्य क्षेत्र है और प्रत्येक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को यहां से भरपूर आशीर्वाद मिलता है, इसलिए रुद्रपुर क्षेत्र का विधायक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि यहां की सड़कें सुंदर व मंदिर भव्य दिव्य दिखाई दें। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की मांग के अनुसार लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क व भगवान शनिदेव महाराज के मंदिर का सौंदर्यकरण कार्य विधायकनिधि से करवाया गया है। इससे पूर्व भी इस वार्ड नंबर 35 में अनेकों सीसी मार्ग व



यहां का सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर जहां अनेकों धार्मिक आयोजन होते हैं, वहां के प्रांगण में टाइल्स लगाने का कार्य भी विधायक द्वारा किया गया है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। उनके कार्यकाल में रुद्रपुर क्षेत्र की अधिकांश जगहों पर विकास कार्य कराने का काम किया गया है, जिसको रुद्रपुर की जनता भलीभांति समझती है कि शिव अरोरा जो बोलते हैं वह कार्य अवश्य करते हैं। इस दौरान पार्षद सरो राय, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, गोविंद राय, अनिल शर्मा, रविंद्र धर, डॉ ईश्वर मलिक, ममता जीना, सरोज राय, तपन मजूमदार, गोपाल राय, दुलाल राय, विवेक दास, कंचन विश्वास, किशन राय, विवेक मंडल, सपन मिस्त्री, नरेश पाल, प्रभास वाला, पुष्पा कराटी, रंजीत कराटी, पंकज दास, ज्योतिष कराटी, महेंद्र दास, बल्लू बर्मन, रमेन कौर, संजय ढाली और आशिम समादार आदि लोग मौजूद रहे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर सांसद अजय भट्ट ने जताई चिंता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बरेली रोड स्थित गोरापड़ाव और तीनपानी लालकुआं तक के क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को पत्र भेजकर तत्काल आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है। सांसद अजय भट्ट ने अपने पत्र में कहा है कि बरेली रोड का गोरापड़ाव और तीनपानी हल्दुचौड़ लालकुआं क्षेत्र अत्यंत व्यस्त मार्ग है, जहां स्थानीय नागरिकों, स्कूली वाहनों और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। इसके बावजूद यहां पर्याप्त यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव बना हुआ है, जिसके चलते लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और आमजन में भय एवं असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा भी लगातार शिकायतें



प्राप्त हो रही हैं कि सड़क पर सुरक्षा संबंधी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सांसद ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से सड़क का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने की मांग की है। पत्र में सांसद ने विशेष रूप से सड़क पर संकेतक बोर्ड, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप, हाई मास्ट लाइट, डिवाइडर, जेब्रा क्रॉसिंग, चेतावनी बोर्ड तथा ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था जैसे सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने की आवश्यकता बताई है। सांसद अजय भट्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से जनहित को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक तकनीकी सुधार सुनिश्चित करने तथा की गई कार्रवाई से उन्हें भी अवगत कराने को कहा है।

## नानकमत्ता मे मेडिकल यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

नानकमत्ता। देशभर में चल रही राष्ट्रव्यापी मेडिकल हड़ताल का असर नानकमत्ता नगर में भी देखने को मिला। हड़ताल के चलते नगर की मेडिकल यूनियन ने आमजन की परेशानी को देखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को प्रभावित न होने देने का निर्णय लिया। यूनियन पदाधिकारियों ने जरूरतमंद मरीजों को दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नगर के कुछ चयनित मेडिकल स्टोरों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि गंभीर मरीजों और



आपातकालीन स्थिति में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। मेडिकल यूनियन के पदाधिकारियों ने नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल की जानकारी दी तथा प्रशासन से सहयोग की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि यह हड़ताल दवा व्यापारियों की विभिन्न मांगों को लेकर की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद मानवता को ध्यान में रखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को जारी रखा जाएगा। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यूनियन मरीजों की समस्याओं को लेकर गंभीर है और किसी भी गंभीर मरीज को दवाइयों के अभाव में परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ मेडिकल स्टोरों को इमरजेंसी सेवाओं के लिए चिन्हित किया गया है, जहां आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। ज्ञापन देने वालों में केमिस्ट अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सुरेश कश्यप, नवीन शर्मा, बलदेव सिंह, प्रवीण चिटकारा , अमित सिंह, पवन राणा, शिवा विश्वास मौजूद रहे।

## कैड़ा ने किया गलनी से जामनी मोटर मार्ग का लोकार्पण


भीमताल (उद संवाददाता)। केबिनेट मंत्री कैड़ा ने गलनी से जामनी मोटर मार्ग का लोकार्पण किया उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा गलनी के जामनी गाँव के ग्रामीण लम्बे समय से मोटर मार्ग बनाने की मांग कर रहे थे। मोटर मार्ग नहीं होने के ग्रामीणों को पैदल मुख्य मार्ग तक आना पड़ता था मोटर मार्ग नहीं होने से क्षेत्र के लोगो को अपना उत्पादन मंडी लाने मै काफी परेशानियों का समाना करना पड़ता था। किसानो का अपने उत्पाद से कमाया सारा पैसा किराये भाड़े में खर्च हो जाता है। ग्रामीणों ने उनसे मोटर मार्ग पर बनाने की मांग की। मंत्री कैड़ा ने कहा ग्रामीणों की समस्या को देखते हुऐ मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया है। मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मोटर मार्ग का लोकार्पण किया।



ग्रामीणों ने मंत्री कैड़ा का आभार प्रकट कर धन्यवाद दिया। इसके साथ ही मंत्री कैड़ा ने पतलोट, अधोडा, डुंगरी, अमजड, झड़गाँव, लुगड का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना अधिकारीयों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान राजेंद्र बर्गली, सजय ऐरी, गोपाल बर्गली, नारायण बर्गली, दीपक मेहता, डुगर ढ़ोलगाई, राजीव कुमार, पूनम प्रिया आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद से पहले कई रिटेलर्स ने बनाई दूरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद से पहले हल्द्वानी में केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन को बड़ा झटका लगा है। सोमवार को शहर के कई रिटेल मेडिकल स्टोर संचालकों की हुई बैठक में बंद का समर्थन न करने और मेडिकल स्टोर खुले रखने का निर्णय लिया गया। इस फैसले के बाद संगठन के भीतर बढ़ती असहमति खुलकर सामने आ गई है। बैठक में शामिल व्यापारियों ने कहा कि दवा व्यापार सीधे जनस्वास्थ्य और मरीजों की जरूरतों से जुड़ा हुआ है, इसलिए मेडिकल स्टोर बंद कर आम जनता को परेशानी में डालना उचित नहीं होगा। व्यापारियों का कहना था कि अस्पतालों, इमरजेंसी सेवाओं और नियमित दवा लेने वाले मरीजों की सुविधा को देखते हुए दुकानें खुली रखी जाएंगी। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक चर्चा संस्था की पूर्व पदाधिकारी भारती राठौर को लेकर रही। जानकारी के अनुसार उन्हें हाल ही में संगठन में पदाधिकारी चुना गया था, लेकिन कुछ दिन पहले उन्होंने संस्था से इस्तीफा दे दिया था। अब उनका भी बंद के विरोध में सामने आना संगठन के भीतर गहराते मतभेदों का संकेत माना जा रहा है। व्यापारिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि जब हाल ही में चुनी गई पदाधिकारी ही संगठन से अलग होकर बंद के खिलाफ रुख अपना रही हैं तो इससे संस्था की आंतरिक एकजुटता और नेतृत्व क्षमता पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। कई रिटेल व्यापारियों द्वारा खुलकर बंद से दूरी बनाए जाने के बाद अब बाजार में यह माना जा रहा है कि संगठन अपने ही सदस्यों को एकजुट रखने में संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि हल्द्वानी केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट मेडिकल एसोसिएशन पिछले कई दिनों से ऑनलाइन दवा बिक्री, ई-फार्मेसी और बड़ी कंपनियों की छूट नीति के विरोध में बंद का समर्थन जुटाने में लगा हुआ था। लेकिन अब लगातार सामने आ रहे विरोध और अलग-अलग रुख के चलते बंद की मुहिम कमजोर पड़ती दिखाई दे रही है। इधर उत्तराखंड खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी सख्त निर्देशों के बाद भी व्यापारियों का रुख तेजी से बदला है। विभाग पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि दवा व्यापार आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है और मरीजों को परेशानी होने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। माना जा रहा है कि संगठन के भीतर बढ़ती नाराजगी और रिटेल व्यापारियों के खुले विरोध के चलते 20 मई का प्रस्तावित बंद हल्द्वानी में सीमित असर ही छोड़ पाएगा। फिलहाल पूरे मेडिकल बाजार और प्रशासन की नजर बंद के वास्तविक प्रभाव पर बनी हुई है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश







# गायन प्रतियोगिता में ध्रुव,आयुष्मान और उद्यान बने बेस्ट सिंगर

## लोक रचना समिति की गायन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बिखेरा प्रतिभा का जादू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में प्रतिभागियों ने अपनी मधुर आवाज और शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। शहर के रूद्रा कांटीनेंटल होटल में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने फिल्मी और सुरीले गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में ध्रुव, आयुष्मान और उद्यान बैस्ट सिंगर चुने गये। विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। लोक रचना समिति पिछले कई वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती आ रही है। इस वर्ष आयोजित ऑडिशन में शहर और आसपास के विभिन्न स्कूलों के करीब 110 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। ऑडिशन के बाद तीन अलग अलग वर्गों से कुल 30 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाइनल के लिए किया गया। सोमवार को आयोजित सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सेमीफाइनल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शील चंद एग्रो ग्रुप के एमडी मोहन गोयल तथा विशिष्ट अतिथि एमेनिटी पब्लिक स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर माहौल को सुरमयी बना दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने ये दिल तुम बिन कहीं लगता नहीं, तूने ओ रंगीला कैसे जादू किया, हमें तुमसे प्यार कितना, एक राधा एक मीरा, नैनों में बदरा छाए और हमें और जीने की चाहत ना होती जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। बच्चों की गायकी और आत्मविश्वास ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। सेमीफाइनल में 30 प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर फाइनल के लिए 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। फाइनल मुकाबले में प्रतिभागियों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ मंच पर प्रस्तुति दी, जिसके बाद निर्णायकों ने तीनों वर्गों में विजेताओं का चयन किया। सीनियर वर्ग में ध्रुव को बेस्ट सिंगर के खिताब से नवाजा गया। इस वर्ग में जय ने द्वितीय और साई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आयुष्मान ने शानदार प्रस्तुति देकर बेस्ट सिंगर का खिताब अपने नाम किया। इस वर्ग में आस्तिक दूसरे और आराध्या तीसरे स्थान पर रही। वहीं सब जूनियर वर्ग में उद्यान को बेस्ट सिंगर चुना गया। आराव ने दूसरा और नैन्सी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के फाइनल में मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएएन स्कूल के प्रबंधक मोहित राय और होली चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक विकास बत्रा मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलंबस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज खेड़ा ने की। अतिथियों ने विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लोक रचना समिति पिछले कई वर्षों से इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को एक उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी मंच से निकली शहर की कई प्रतिभाएं इंडियन आइडल जैसे राष्ट्रीय स्तर के मंचों तक पहुंचकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती हैं। आगे चलकर यही बच्चे देश और दुनिया में शहर और प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। आरएएन स्कूल के एमडी मोहित राय ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों की पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम संयोजक केवल कृष्ण बत्रा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही इस प्रकार के सफल आयोजन संभव हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को मंच देने का यह प्रयास भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुजाता नारंग और शैली बंसल ने निभाई। जबकि कार्यक्रम का शानदार संचालन मोहित बत्रा और भविष्य ढींगरा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुधांशु गाबा, वरिष्ठ उद्योगपति अशोक अदलखा, रमेश मिड्डा, समाजसेवी ताराचंद अग्रवाल, सुषमा अग्रवाल, शैली फुटेला, गौरव ज्वेल, पारस चुघ, अजय चौड़ा, उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा, व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री हरीश अरोड़ा, युवा व्यापार मंडल के पूर्व महामंत्री पवन गाबा पली, राजीव अनेजा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।













## मेयर शर्मा ने सनातन का ध्वज बुलंद कर गाया भजन

रुद्रपुर। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित भव्य गायन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रुद्रपुर के मेयर विकास शर्मा ने अपनी सादगी और मधुर भजन प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सनातन संस्कृति की महिमा का उल्लेख करते हुए माता रानी का भजन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दरअसल, कार्यक्रम का संचालन कर रहे मोहित बत्रा लगातार मेयर विकास शर्मा से गीत प्रस्तुत करने का आग्रह कर रहे थे। इस पर मेयर ने फिल्मी गीत के बजाय माता



रानी का लोकप्रिय भजन "सज-धज के बैठी मां, मंद-मंद मुस्कुराए" गाकर ऐसा भक्तिमय माहौल बनाया कि उपस्थित श्रोता भावविभोर हो उठे। भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति के दौरान श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। संचालन कर रहे मोहित बत्रा ने भी सुर में सुर मिलाकर प्रस्तुति को और आकर्षक बना दिया। लोक रचना समिति के पदाधिकारियों ने मेयर विकास शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की ऐसी सांस्कृतिक सहभागिता समाज में सकारात्मक संदेश देती है तथा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान करती है।

## आरएएन स्कूल के एमडी मोहित राय की अनूठी पहल

### विजेताओं के गुरुजनों को सौंपी गुरु दक्षिणा

रुद्रपुर। लोक रचना समिति द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता के भव्य फाइनल में जहां विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार और आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया, वहीं आरएएन स्कूल के एमडी मोहित राय ने एक अनूठी पहल करते हुए विजेताओं के संगीत गुरुओं को गुरु दक्षिणा देकर सम्मानित किया। उनकी इस अभिनव पहल की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। प्रतियोगिता के सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के विजेताओं को आयोजन समिति की ओर से ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इसके अलावा समाजसेवियों और प्रायोजकों ने भी प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए। शीलचंद एग्रो कंपनी की ओर से प्रत्येक विजेता को 2100-2100 का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं, सोनिया होटल के एमडी सुधांशु गावा तथा होली चाइल्ड स्कूल के एमडी विकास बत्रा ने विजेताओं को डिनर पैकेज भेंट किए। इन सबके बीच आरएएन स्कूल के एमडी मोहित राय की पहल सबसे अलग और प्रेरणादायी रही। उन्होंने सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों के संगीत गुरुओं को मंच पर आमंत्रित कर 2500-2500 की नगद गुरु दक्षिणा देकर सम्मानित किया। मोहित राय ने कहा कि प्रतियोगिताओं में अक्सर विजेताओं को सम्मानित किया जाता है, लेकिन उन गुरुओं को भुला दिया जाता है जिनकी मेहनत, मार्गदर्शन और समर्पण से प्रतिभाएं निखरकर मंच तक पहुंचती हैं। गुरु ही वह आधार होते हैं जो विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है।

## स्वर्गीय तिलकराज सुखीजा की स्मृति में दिया गया विशेष पुरस्कार

रूद्रपुर। गायन प्रतियोगिता के दौरान पत्रकारिता जगत के पुरोधा, उत्तरांचल दर्पण के संस्थापक एवं प्रेस क्लब के भूतपूर्व महामंत्री स्वर्गीय तिलकराज सुखीजा की पावन स्मृति में भी एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक केवल कृष्ण बत्रा ने स्वर्गीय सुखीजा को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व



पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुखीजा की बेबाक और निष्पक्ष लेखनी आज भी हम सभी के लिए बेहद प्रेरणादायी है। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद उत्तरांचल दर्पण के संपादक परमपाल सुखीजा ने अपने पूज्य अग्रज स्वर्गीय तिलकराज सुखीजा की स्मृति में प्रतियोगिता के होनहार आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्र आरव नेगी को यह पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

## विजेताओं पर पुरस्कारों की बौछार

रूद्रपुर। गायन प्रतियोगिता के विजेताओं और प्रतिभागियों पर विभिन्न संस्थाओं और प्रायोजकों की ओर से पुरस्कारों की बौछार की गई। शील चंद एग्रो ग्रुप की ओर से प्रत्येक वर्ग के विजेता, उपविजेता और फर्स्ट रनर अप को 2100 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। आरएएन पब्लिक स्कूल के एमडी मोहित राय की ओर से प्रत्येक वर्ग के विजेता प्रतिभागी के म्यूजिक टीचर को 2500 रुपये का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। होटल सोनिया की ओर से प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को चार लोगों के लिए डिनर पैकेज दिया गया। होटल आर्क की तरफ से सीनियर वर्ग के विजेता को चार लोगों के लिए विशेष डिनर पैकेज प्रदान किया गया, जबकि होटल अंबर की ओर से सब जूनियर वर्ग के विजेता को चार लोगों का डिनर पैकेज दिया गया। स्वर्गीय बालीराम खेड़ा की स्मृति में कोलंबस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मनोज खेड़ा द्वारा सभी विजेताओं, उपविजेताओं और फर्स्ट रनर अप प्रतिभागियों को आकर्षक ट्रॉफियां प्रदान की गईं। रुद्रा म्यूजिक अकादमी की ओर से सभी सेमीफाइनलिस्ट बच्चों को एक माह का निःशुल्क संगीत प्रशिक्षण देने की घोषणा की गई। साथ ही तीनों वर्गों के विजेताओं को विशेष ट्रॉफियां भी भेंट की गईं। इसके अलावा विशांत भसीन द्वारा नौ बच्चों को 18 मूवी टिकट प्रदान किये गये। वहीं तीन प्रतिभागियों को प्रसिद्ध यूट्यूबर सौरभ जोशी से मिलने का विशेष अवसर भी उपलब्ध कराया जायेगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## पेपर लीक की जवाबदेही

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि लाखों विद्यार्थी एक भरोसे के साथ जिस परीक्षा में अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए बैठें, वह सिर्फ उनके हित में साबित हो, जिनकी पहुंच उसके प्रश्नपत्र तक हो। देश भर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट-यूजी को सबसे अच्छे प्रबंधन के तहत संचालित करने का दावा किया जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसमें जिस स्तर की गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें यह सवाल उठा है कि हर बार कार्रवाई के तौर पर कुछ औपचारिक और दिखावे के कदम उठा कर क्या परीक्षा के प्रश्नपत्र बाहर आने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है? यह इस वर्ष फिर साबित हुआ है कि पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया गया और ऐसे जरूरी कदम नहीं उठाए गए, जिससे इस परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित हो। नतीजतन, इस महीने के शुरू में आयोजित नीट के प्रश्नपत्र लीक होने की खबर आई। फिर मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा को रद्द कर देना ही सबसे आखिरी उपाय माना गया, जिसकी वजह से करीब बाईस लाख विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया। सवाल है कि इस अफसोसनाक स्थिति के लिए मुख्य जिम्मेदारी किसकी बनती है। जो राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सबसे बेहतर व्यवस्था के तहत परीक्षाओं के आयोजन का भरोसा देती रही है, क्या नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित अन्य गड़बड़ियों की निरंतरता कायम रहने की स्थिति में अब भी वह अपनी साख और प्रतिष्ठा के बने रहने का दावा कर सकती है? प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य सामने आने, उसके राजस्थान के कई कोचिंग संस्थानों में पहुंचने और मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को बेचने की खबरों के बाद सरकार ने मामले की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंपी। उसके बाद से अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिसमें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एनटीए की एक विशेषज्ञ भी शामिल हैं। अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है? गौरतलब है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर काबू पाने के लिए राधाकृष्णन समिति ने अपनी रिपोर्ट में एनटीए में ढांचागत सुधार की सिफारिश की थी। इसके अलावा, संसद में परीक्षाओं के संदर्भ में संगठित तौर पर पेपर लीक जैसी किसी गड़बड़ी के लिए दस वर्ष की कैद के प्रावधान वाला कानून पारित किया गया। इस सबके बावजूद अगर नीट-यूजी का प्रश्नपत्र लीक हो जाता है और यहां तक कि परीक्षा रद्द करने की नौबत आती है, तो यह किसकी नाकामी है? अब तक जो गिरफ्तारियां हुई हैं, क्या इस व्यापक गड़बड़ी का दायरा वैसे ही निचले स्तर के आरोपियों तक सिमटा हुआ है? ऐसा नहीं है कि नीट परीक्षा के आयोजन में यह कोई पहला मामला सामने आया है।

## जांच में अतिक्रमण नहीं पाया गया तो प्रधान का चुनाव हो सकता है निरस्त

नानकमत्ता। सितारगंज ब्लॉक के ग्राम सरोजा में प्रधान पद चुनाव को लेकर चल रहा विवाद अब बड़ा राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दा बनता जा रहा है। प्रधान पद प्रत्याशी बजिंदर सिंह मोमी और सुखविंदर सिंह मोमी का नामांकन अवैध अतिक्रमण दर्शाकर निरस्त किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है। चर्चा है कि यदि प्रशासनिक जांच में अतिक्रमण साबित नहीं हुआ तो वर्तमान ग्राम प्रधान सरोजा की कुर्सी तक खतरे में पड़ सकती है। पिछले कई दिनों से उप तहसील परिसर में धरने पर बैठे ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रशासन जल्द जांच शुरू कर निष्कर्ष तक पहुंच सकता है। वहीं इस पूरे मामले में प्रशासन की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आती दिखाई दे रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जिस खाता संख्या पर पहले अतिक्रमण दिखाकर उनका नामांकन निरस्त किया गया था, वहां जांच में कोई अतिक्रमण नहीं मिला। आरोप है कि इसके बाद प्रशासन ने दूसरी खाता संख्या में अतिक्रमण दर्शाने की कोशिश की, जिसे ग्रामीण पूरी तरह गलत बता रहे हैं। जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो न केवल प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठेंगे, बल्कि पूरे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न लग सकता है। वहीं गांव में इस बात की भी चर्चाएं तेज हो गई हैं कि अगर अतिक्रमण साबित नहीं हुआ तो वर्तमान ग्राम प्रधान को अपना पद गंवाना पड़ सकता है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने साफ कहा है कि जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। मामले को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है।

## मारपीट की घटना पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र में लगभग 18 दिन पूर्व दंपति के साथ हुई मारपीट के गंभीर मामले ने पुलिस की कार्यशैली पर एक बार फिर से सवाल खड़े कर दिए। सूत्रों की माने तो इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। विंध्यवासिनी कॉलोनी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी सविता पत्नी रविंद्र कश्यप ने बीते एक मई को



आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने पति के साथ श्याम पुरम डिफेंस कॉलोनी स्थित प्लॉट पर गई थी इसी दौरान लाठी डंडों से लैस होकर उपरोक्त मोहल्ला निवासी रूप कुमार पुत्र महेंद्र, शीला व कुछ अन्य लोग वहां आ धमके और गाली गलौज करते हुए प्राण घातक हमला किया। महिला ने बताया कि मारपीट की इस घटना में उसे गुम चोटें आई जबकि उसके पति का कुल्हा टूट गया। महिला का आरोप है कि उपरोक्त सभी हमलावर उसके प्लॉट पर अवैध कब्जा करने की कोशिश में है। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि हमलावरों से उसको तथा उसके परिवार को जान का खतरा है। हमलावरों द्वारा उसके परिवार को मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के इस प्रकरण में आईटीआई पुलिस को घटना के तत्काल बाद लिखित तहरीर देने के बावजूद आज तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो सकी और ना ही कोई मुकदमा दर्ज हुआ।

# जागृति संस्था ने धर्म परिवर्तन का किया विरोध

### सनातन में वापसी के लिए चलाएगी जागरूकता अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)। जागृति एक नई पहल सामाजिक संस्था ने नगर में प्रेस वार्ता आयोजित कर धर्म परिवर्तन की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई और कड़ा विरोध दर्ज कराया। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा प्रलोभन देकर हिंदू समाज के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है, जो सामाजिक सद्भाव के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संस्था के संरक्षक राकेश भुड्डी ने कहा कि ईसाई समुदाय के कुछ लोगों द्वारा हिंदू धर्म के लोगों का लगातार धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, जिसकी संस्था कड़े शब्दों में निंदा करती है। उन्होंने इसे सनातन संस्कृति पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जागृति संस्था का मुख्य उद्देश्य अब उन परिवारों से संवाद स्थापित करना है जिनका किसी दबाव या लालच में आकर धर्मांतरण कराया गया है। संस्था ऐसे परिवारों को समझाकर और उनकी समस्याएं सुनकर पुनः सनातन धर्म में वापस लाने का



प्रयास करेगी। इसके लिए जल्द ही पूरे क्षेत्र में व्यापक जनजागरण अभियान और घर-घर संपर्क कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष विजय अरोरा ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म हमारी जड़ और मुख्य पहचान है। किसी भी तरह के लालच, भय या दबाव में आकर अपनी मूल संस्कृति और धर्म को बदलना न तो नैतिक रूप से सही है और न ही सामाजिक रूप से। संस्था द्वारा अपने युवाओं और महिलाओं को इस विषय के प्रति जागरूक किया जाएगा और अपने बिछड़े हुए भाई-बहनों को वापस सनातन से जोड़ने का काम किया जाएगा। विजय अरोरा ने स्थानीय प्रशासन से भी पुरजोर मांग की कि प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले असामाजिक लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और कानून के अनुसार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता के दौरान संस्था के महामंत्री आकाश अरोरा, संगठन मंत्री किशन गुप्ता, उपाध्यक्ष संजजागृति संस्था ने धर्म परिवर्तन का किया विरोधू शर्मा, कोषाध्यक्ष विपिन गुप्ता व मीडिया प्रभारी विपुल प्रजापति भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि संस्था सनातन संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में सामाजिक एकता बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास निरंतर जारी रखेगी।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम

चम्पावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने भू-अभिलेख, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग को लंबित मामलों का तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, सिंचाई विभाग एवं उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर शून्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण, बागवानी



विभाग सहित जिला अस्पताल चम्पावत एवं उप जिला चिकित्सालय टनकपुर से संबंधित शिकायतों के शीघ्र समाधान पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका, नगर पंचायत, जल निगम एवं उत्तराखंड परिवहन निगम जैसे सेवा प्रदाता विभागों को निर्देशित किया कि आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए बार-बार शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पर्यटन, वन विभाग, उद्योग एवं खनन विभाग सहित अन्य सभी विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में पुलिस विभाग में एल-1 स्तर पर 8 एवं एल-2 स्तर पर 2, भू-अभिलेख विभाग में एल-1 स्तर पर 7, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में एल-1 स्तर पर 6, पीएमजीएसवाई विभाग में एल-1 स्तर पर 6 तथा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में एल-1 स्तर पर 1 एवं एल-2 स्तर पर 4 सहित अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्ण नाथ गोस्वामी, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जंगल में मिला बाघ का शव, वन विभाग में मचा हड़कंप

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ़ रेंज में सोमवार को नियमित गश्त के दौरान वनकर्मियों को एक नर बाघ मृत अवस्था में मिला। बाघ का शव धारा बीच क्षेत्र में धारा सोक के किनारे पड़ा मिला था, जिसके बाद वनकर्मियों में हड़कंप मच गया। वनकर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी, जिसके बाद कॉर्बेट पार्क के डायरेक्टर डॉ साकेत बडोला के निर्देश में विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रक्रिया शुरू की गई। सूचना मिलने पर कॉर्बेट पार्क के उपनिदेशक राहुल मिश्रा और पार्क वार्डन बिंदर पाल सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं कॉर्बेट के वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्साधिकारी डॉ दुश्यंत शर्मा भी मेडिकल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में बाघ के शव का गहन निरीक्षण किया गया और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण यानी एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्रवाई की गई। जानकारी देते हुए



कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ साकेत बडोला ने बताया कि वनकर्मियों को नियमित गश्त के दौरान यह बाघ मृत अवस्था में मिला था। उन्होंने बताया कि मृत बाघ नर है और उसकी उम्र लगभग आठ से दस वर्ष के बीच आंकी जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला प्राकृतिक मौत का प्रतीत हो रहा है, क्योंकि बाघ के शरीर के सभी अंग पूरी तरह सुरक्षित पाए गए हैं और किसी प्रकार के शिकार या आपसी संघर्ष के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। डॉ साकेत बडोला ने बताया कि बाघ का पोस्टमार्टम वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सकों की निगरानी में कराया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान आवश्यक सैंपल लेकर उन्हें गहन जांच के लिए भारतीय वन्यजीव संस्थान यानी डब्ल्यूआईआई भेजा जा रहा है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पूरी पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने कहा कि एनटीसीए के नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए बाघ के शव को नियमानुसार नष्ट कर दिया गया है। इस घटना के बाद वन विभाग क्षेत्र में लगातार सतर्कता और निगरानी बनाए हुए है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व देश के प्रमुख टाइगर रिजर्व में शामिल है, ऐसे में किसी भी बाघ की मौत वन विभाग के लिए अत्यंत गंभीर विषय माना जाता है। फिलहाल विभाग पूरे मामले की विस्तृत और गहन जांच में जुटा हुआ है।

# साज पिक्चर्स के बैनर तले लव सांग 'महकी फिजा' की शूटिंग संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साज पिक्चर्स के बैनर तले तैयार किए जा रहे रोमांटिक लव सांग 'महकी फिजा' की शूटिंग रुद्रपुर और आसपास की कई खूबसूरत लोकेशनों पर सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस गाने का निर्देशन नाहिद खान ने किया है। बॉलीवुड शैली में तैयार किया गया यह सांग प्रेम, भावनाओं और रिश्तों की खूबसूरती को दर्शाता है। गाने को जल्द ही यूट्यूब, ओटीटी प्लेटफॉर्म और विभिन्न ऑडियो प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के प्रोड्यूसर प्रवीण अरोरा और आतिश अरोरा हैं। गाने में आतिश अरोरा, जज अरोरा, रमजा खान और गगनदीप ने अभिनय किया है। वहीं इसके क्रिएटिव डायरेक्टर हिमांशु तिवारी हैं। गीत के बोल सचिन कुमार ने लिखे हैं, जबकि इसे अपनी मधुर आवाज में गिलराज गिल ने गाया है। गाने का संगीत



अमित ने तैयार किया है। एडिटिंग और सिनेमेटोग्राफी की जिम्मेदारी सोहेल आलम ने निभाई है। निर्देशक नाहिद खान ने बताया कि साज पिक्चर्स का उद्देश्य उत्तराखंड की नई और उभरती प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच देना है, ताकि स्थानीय कलाकारों को अपनी कला दिखाने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि 'महकी फिजा' को एक नए प्रयोग के रूप में सीरियल स्टाइल में शूट किया गया है और इसका अगला पार्ट भी जल्द शूट किया जाएगा। युवा प्रोड्यूसर आतिश अरोरा ने बताया कि आने वाले समय में साज पिक्चर्स द्वारा ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें चयनित प्रतिभाओं को आगामी प्रोजेक्ट्स में काम करने का अवसर मिलेगा। इस गाने की शूटिंग आर्क होटल, सामिआ लेक सिटी, सुनारीका गोल्ड एंड डायमंड सहित कई आकर्षक लोकेशनों पर की गई है। प्रोजेक्ट में रोहताश बत्रा और प्रदीप बंसल का विशेष सहयोग रहा। टीम का दावा है कि यह गाना दर्शकों को रोमांस और संगीत की खूबसूरत दुनिया में ले जाएगा और जल्द ही लोग इसे महकी फिजाओं की तरह गुनगुनाते नजर आएंगे।

# अल्मोड़ा में 7473.70 लाख रुपये से होंगे विकास कार्य

## जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह ने जिला योजना की बैठक ली

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला योजना समिति की कलक्ट्रेट में बुधवार बैठक की आयोजित हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-26 के लिए 7473.70 लाख रुपये की जिला योजना को अनुमोदित किया गया। जिला योजना की बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रुपये 7475.70 लाख के परिव्यय को अनुमोदित किया गया। इस परिव्यय में 5713.70 लाख सामान्य, 1737.30 लाख एससीएसपी और 22.70 लाख टीएसपी के लिए शामिल हैं। वित्तीय वर्ष में 1230 लाख जल संस्थान, लोनिवि 1060 लाख, प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 500 लाख, पर्यटन विभाग 350 लाख, चिकित्सा एवं स्वास्थ 300 लाख, पेयजल निगम 580 लाख, कृषि विभाग 320 लाख, पशुपालन विभाग के लिए 355 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। प्रभारी मंत्री ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी प्रस्ताव विभागों को प्राप्त हुए हैं, उन्हें जिला प्लान में शामिल करते हुए त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें एवं जिला योजना की धनराशि को जनपद के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला योजना में सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को बजट के अनुसार लिया जाए। किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ भेदभाव न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए पत्राचार का जवाब जरूर दिया जाए। जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के संबंध में उन्हें जरूर अवगत कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, मेयर अजय वर्मा, विधायक रानीखेत डॉ. प्रमोद नैनवाल, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, सल्ट विधायक महेश जीना, ब्लॉक प्रमुख कंचन रावत, हवालबाग प्रमुख हिमानी कूंडू, सीडीओ रामचरण शर्मा, एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के, ब्लॉक प्रमुख लमगड़ा त्रिलोक सिंह रावत, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, दीपक साह समेत जिले के अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।




## निगम पार्षदों ने सदस्यों का चयन नहीं होने पर जताई नाराजगी

अल्मोड़ा। नगर निगम के पार्षदों ने जिला योजना बैठक से पूर्व सदस्यों का चयन न किए जाने पर नाराजगी जताई। सोमवार को मामले को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपा। कहा कि जिला योजना की बैठक जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता की समस्याओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का महत्वपूर्ण मंच होती है, लेकिन बिना सदस्यों का चयन किए बैठक आयोजित किया जाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की भावना के विपरीत है। पार्षदों ने मांग उठाई की जिला योजना बैठक से पूर्व पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए सदस्यों का चयन किया जाए, जिससे नगर निगम के प्रतिनिधियों को भी जनता की आवाज उठाने का अवसर मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद वैभव पांडे, दीपक कुमार, गुंजन चम्याल, अनूप भारती आदि रहे।

## सल्ट विधायक और ब्लॉक प्रमुख भिड़े

अल्मोड़ा। जिला योजना की बैठक के दौरान सल्ट विधायक महेश जीना और सल्ट ब्लॉक प्रमुख कंचन रावत के बीच गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच सल्ट में खेल मैदान समेत तमाम विकास कार्यों को लेकर जमकर बहस हुई। एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया। वहीं, प्रमुख रावत ने विधायक के कार्यों पर जांच की मांग उठाई। हालांकि बैठक में मौजूद अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद दोनों के बीच मामला शांत हुआ।

### सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तराखण्ड नर्सेज एवं मिडवाइव्स का पंजीकरण प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जिसका रजिस्ट्रेशन नं0-20720 दिनांक 30.12.2025 है। जो कि काफी तलाश करने के बाद भी प्राप्त नहीं हुआ।

स्नेहा शर्मा पुत्री राजेन्द्र कुमार शर्मा,
पत्नी श्री ऑचल पाल,
निवासी-ग्राम चकरपुर, बाजपुर,
जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

### सूचना

मेरा पुत्र जसपाल सिंह व पुत्रवधू सुखविंदर कौर जो कि मेरे कहने सुनने में नहीं है, मेरे साथ गलत व्यवहार करते हैं। जिनको मैंने अपने होश हवास में अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जसपाल के 3 बच्चे मेरे साथ रहते हैं। जिनका मैं पालन पोषण करूंगी।

सुरेन्द्र कौर पत्नी स्व० मनजीत सिंह
पता-बरकीडांडी, नानकमत्ता, तह०
सितारगंज,उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड ।

## मांगो के समर्थन के साथ मेडिकल स्टोर खोलने का लिया निर्णय

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के अनेक थोक व रिटेल दवा विक्रेताओं ने ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स द्वारा ऑनलाइन दवा की बिक्री बंद करने, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट बंद करने तथा नकली दवाइयों के विरोध में किए जा रहे आंदोलन का जहां समर्थन किया है तो वहीँ उन्होंने जनहित में देशव्यापी दुकानें बंद करने के प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त करते हुए मेडिकल स्टोर खोलने का निर्णय लिया है। इस संदर्भ में अनेक दवा विक्रेताओं ने उपजिलाधिकारी व औषधि निरीक्षक रुद्रपुर को ज्ञापन सौंपकर उनसे दवा वितरण कार्य को बाधा रहित बनाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि वह रुद्रपुर के दवा विक्रेता हैं। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स की मांगों का पूर्ण समर्थन करते हैं। किन्तु व्यापक जनहित व भौगोलिक विशेष परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए वह अपनी दुकानें बंद नहीं करना चाहते हैं। वह संगठन की उक्त मांगों की पूर्ति हेतु दिनांक 20 मई को अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराएंगे, जिससे कि हमारी मांग सरकार तक पहुंचे, परन्तु दवाओं के अभाव में किसी भी मरीज को कोई असुविधा या जनहानि न हो। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि कुछ विरोधाभाषी जबरन उनकी दुकानों को बंद कराने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे उनके कार्य में बाधा तथा आम जनमानस को असुविधा होने की संभावना है। अत: उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उचित कार्यवाही कर दवा विक्रेताओं के हितों एवं आम जनता की सुविधा की रक्षा करने की जाए, जिससे कि वह सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कर सकें। ज्ञापन देने वालों में हरीश मुंजाल, राजकुमार हुड़िया, सुमित खुराना, संजीव कुमार, रुशील अरोड़ा, चेतन कुमार, अमित छाबड़, सुशान्त रंग, राणा प्रताप, महेंद्र सिंह, अशोक, मुनिराज, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, शैलेन्द्र गंगवार, छत्रपाल सैनी, अजय राजपूत आदि शामिल थे।



## पेज एक का शेष...

**पूर्व सीएम खंडूड़ी का ....** पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास, सुशासन और सैनिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने में मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी (से नि) का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उत्तराखंड के चौथे मुख्यमंत्री रहे भुवन चंद्र खंडूड़ी को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में लेकर आए थे। यह 1990 का दौर था जब खंडूड़ी सेना से सेवानिवृत्त हुए थे। भुवन चंद्र खंडूड़ी की गिनती पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में होती थी। यही कारण था कि पहली बार लोकसभा पहुंचने के मात्र दो साल के भीतर ही खंडूड़ी को पार्टी का मुख्य सचेतक बना दिया गया था। हालांकि, 1996 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन 1999 में बनी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उन्हें केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी कार्यकाल के दौरान देश में सड़कों की शक्ल बदलने और स्वर्णिम चतुर्भुज जैसे हाईवे बनाने का ऐतिहासिक काम हुआ, जिसके लिए खंडूड़ी की कार्यशैली की आज तक प्रशंसा होती है। कहा जाता है कि वाजपेयी का खंडूड़ी पर इतना अटूट भरोसा था कि उन्हें काम करने की पूरी आजादी मिली हुई थी। साल 2007 में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को उत्तराखंड में खंडूड़ी की जरूरत महसूस हुई। उस समय उत्तराखंड राज्य को बने सात साल हो चुके थे और सूबे में भाजपा के भीतर गुटबाजी चरम पर थी। सियासी मैदान में कोश्यारी एवं निशंक गुट सक्रिय थे, लेकिन दिल्ली तक मचे घमासान के बाद आखिरकार सूबे की कमान भुवन चंद्र खंडूड़ी के हाथों में ही सौंपी गई। उन्होंने साल 2007 से लेकर 2009 तक मुख्यमंत्री का पद बेहद कुशलता से संभाला। इसके बाद सियासी समीकरण बदले और सूबे की कमान रमेश पोखरियाल निशंक के हाथों में आ गई। लेकिन जब सूबे में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए और सरकार की छवि पर आंच आने लगी, तो केंद्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर क्लीन इमेज वाले खंडूड़ी पर भरोसा जताया और साल 2011 में उन्हें दोबारा उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद साल 2014 में जब देश में मोदी लहर के चलते भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई, तो वरिष्ठता और सैन्य अनुभव को देखते हुए जनरल खंडूड़ी को रक्षा मामलों की संसदीय समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। उनके निधन पर देश और प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

**खतरनाक और बीमार....** एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने इस गंभीर मामले पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया। शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आवारा पशुओं की बढ़ती आबादी पर लगाम लगाने के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने में लगातार लापरवाही बरती गई है। अदालत ने अत्यंत संवेदनशील टिप्पणी करते हुए कहा कि हम देश के कोने-कोने से आ रही उन खौफनाक खबरों की अनदेखी नहीं कर सकते, जिनमें मासूम बच्चों और लाचार बुजुर्गों को आवारा कुत्तों द्वारा अपना शिकार बनाया गया है। अदालत ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश का आम नागरिक सार्वजनिक स्थानों पर भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, यहाँ तक कि विदेशी सैलानी भी इन हमलों की चपेट में आ रहे हैं। अदालत ने जनसुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए आदेश दिया है कि देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक पूरी तरह से सक्रिय एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित किया जाए। इन केंद्रों में आधुनिक सर्जिकल सुविधाएं, जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती अनिवार्य होगी। कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का बिना किसी देरी के अक्षरश: पालन किया जाए। इसके अलावा, सभी सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन तथा इम्यूनोग्लोबुलिन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। साथ ही हाईवे और एक्सप्रेसवे से भी आवारा पशुओं को हटाने के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी साफ कर दिया है कि इन जनहितकारी निर्देशों को धरातल पर लागू करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी कानूनी सुरक्षा दी जाएगी। नेक नीयत से की गई इस कार्रवाई के लिए अधिकारियों के खिलाफ कोई एफआईआर या आपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने देश की सभी उच्च न्यायालयों (हाई कोर्ट्स) को इस आदेश के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए स्वत: संज्ञान लेने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट्स को स्थानीय जरूरतों के हिसाब से नियमों को और कड़ा करने की पूरी छूट होगी, लेकिन वे मूल आदेश के भाव को कमजोर नहीं कर सकेंगे। आदेश की अनदेखी करने वाले दोषी अफसरों के खिलाफ संबंधित कोर्ट को कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के भी अधिकार दिए गए हैं। बता दें कि इस संवेदनशील मामले पर मैराथन सुनवाई के बाद बेंच ने बीती 29 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**नवंबर दिसंबर के दो सर्वे....** के बीच सरकार की सक्रिय छवि प्रस्तुत की जा सके। राजनीतिक गुरुओं का मानना है कि अक्टूबर तक विधायकों के प्रदर्शन, विकास कार्यों की स्थिति और जनता के बीच उनकी सक्रियता ही यह तय करेगी कि 2027 में कौन भाजपा का उम्मीदवार होगा और किसे संगठन बाहर का रास्ता दिखाएगा। स्पष्ट है कि भाजपा इस बार चुनावी तैयारी में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती और संगठन ने अभी से हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। उधर विधायकों की मांग पर राज्य सरकार ने विकास योजनाओं की मंजूरी की प्रक्रिया तेज कर दी है। पिछले एक माह के दिनों में 7300.28 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इनमें सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चार वर्षों में 4,323 घोषणाओं की गई जिसमें से 2,444 पर शासनादेश जारी किए जा चुके हैं, जबकि शेष घोषणाओं पर भी जून तक कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा ने उन सीटों पर विशेष फोकस किया है जहां 2022 के चुनाव में बहुत कम अंतर से जीत मिली थी या पार्टी मामूली अंतर से हार गई थी।जसपुर, बाजपुर,श्रीनगर, टिहरी, गदरपुर,खटीमा,किच्छा, नरेंद्रनगर,चकराता, भगवानपुर, पिरान कलियर और धारचूला जैसी सीटों पर संगठन को मजबूत करने और जनाधार बढ़ाने की योजना पर काम हो रहा है। पार्टी के तीन आंतरिक सर्वे में 12 से अधिक विधायकों के प्रदर्शन को लेकर नकारात्मक संकेत मिले हैं। कुछ स्थानों पर विकास कार्यों में सुस्ती, जनता से दूरी और स्थानीय असंतोष की शिकायतें सामने आई हैं। इसी के मद्देनजर संगठन ने ऐसे विधायकों को सुधार का अंतिम अवसर दिया है।

**तलवार लहराकर ...**किया गया तथा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। बीती 18 मई 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी युवक ब्लॉक रोड क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतवाली रुद्रपुर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पंकज कोली उर्फ कल्लू उर्फ खरगोश पुत्र कांती कोली निवासी वार्ड नंबर 23 रम्पुरा थाना रुद्रपुर जनपद ऊधम सिंह नगर उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तलवार भी बरामद की गई है। जांच में आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत पाए गए हैं, जिनमें एफआईआर संख्या 272/24 धारा 147, 149, 186, 323, 452, 504, 506 भादवि, एफआईआर संख्या 236/26 धारा 115, 351(2), 352 बीएनएस तथा एफआईआर संख्या 239/26 धारा 115(2), 351(2), 352 बीएनएस व आर्म्स एक्ट थाना रुद्रपुर शामिल हैं। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर प्रकाश दानू, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर अनिल जोशी, चौकी प्रभारी रम्पुरा पंकज कुमार, धीरज टम्टा, हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल विजय दरमाल, कांस्टेबल मोहन खाती, कांस्टेबल रघुनाथ, कांस्टेबल जगदीश पाठक और कांस्टेबल पूरन शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने संदेश दिया है कि जनपद में कानून व्यवस्था बिगाड़ने, हथियारों के बल पर दहशत फैलाने एवं आम जनता में भय का माहौल उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उधम सिंह नगर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और ऐसे तत्वों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

**विद्युत कटौती के खिलाफ...**कि विद्युत विभाग द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर आम जनता का "खून चूसने वाला मीटर" साबित हो रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि उत्तराखंड स्वयं विद्युत उत्पादन करने वाला प्रदेश है, इसके बावजूद प्रदेश की जनता को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, जो सरकार और विद्युत विभाग की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और अनावश्यक कटौती बंद नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी जनता को साथ लेकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। प्रदर्शन करने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ राज बेहड़, मोहनलाल खेड़ा, शुभम शर्मा, इंद्रजीत सिंह, सौरभ शर्मा, गौरव गिरी, अशफाक अंसारी, परवेज कुरैशी, साजिद खान, मोनिका ढाली, रणजीत राणा, अनंत विश्नोई, राजेंद्र मिश्रा, राजू कोली, रिजवान खान, समप्रीत ग्रोवर, विक्की विर्क, विजय पुजारा, राकेश कोली, सोहेल खान, आकाश यादव, अमर कश्यप, शुभम ठाकुर, विवेक यादव, योगेश शर्मा, प्रदीप कश्यप, दीपक मौर्य, अजय सिंह, सोनू गुप्ता, तुषार वर्मा, कुणाल शर्मा, प्रदीप शर्मा, भगवान दास, प्रवेश शर्मा, भूपराम, अंकित राठौर,रोहित मौर्य,राजा, रोहित सागर सहित अनेकों कांग्रेस जन उपस्थित थे।

**एनएच पर शराब से भरा...**चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार कैंटर सड़क पर ही पलट गया। कैंटर पलटने से उसमें रखी करीब 30 पेटी शराब की बोतलें टूट गईं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होना बताया जा रहा है। दुर्घटना में कैंटर चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राहगीरों और पुलिस की मदद से तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। वहीं वाहन के परिचालक विशाल ने बताया कि अचानक सामने आई घोड़ा गाड़ी के कारण ही वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और क्रेन की मदद से वाहन को साइड करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी। दुर्घटना के चलते कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी बाधित रहा।

**खटीमा में चोरों का ....**पहुंच सकी है। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में रोष और असुरक्षा का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शीघ्र खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी तथा बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सुशासन की मिसाल बने पांच जिलाधिकारी, उत्तराखंड का बढ़ाया गौरव

## काम बोला, देश ने सराहा: उत्तराखंड के पांच आईएएस अधिकारी राष्ट्रीय सम्मान की दौड़ में

देहरादून। जनकल्याणकारी सोच के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करना और सरकार की विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही एक संवेदनशील और प्रभावी प्रशासनिक अधिकारी की पहचान होती है। उत्तराखंड के जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन कुछ अधिकारी अपनी कार्यशैली, त्वरित निर्णय क्षमता और जनहित के प्रति विशेष प्रतिबद्धता के कारण अलग पहचान बनाने में सफल होते हैं। फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा जारी "सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026" की प्रारंभिक सूची ने यह सिद्ध किया है कि उत्कृष्ट कार्यशैली और जनकेंद्रित प्रशासन को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान अवश्य मिलता है। किसी भी जिलाधिकारी की कार्यप्रणाली सीधे तौर पर उस जिले के लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करती है। ऐसे में जो अधिकारी सुशासन, संवेदनशीलता, नवाचार और प्रभावी नेतृत्व के मानकों पर खरे उतरते हैं, वे न केवल प्रतिष्ठित सम्मानों के पात्र बनते हैं, बल्कि आमजन के बीच भी विशेष सम्मान अर्जित करते हैं। उत्तराखंड के पांच आईएएस अधिकारियों का इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल होना राज्य की प्रशासनिक दक्षता और जनहितकारी कार्यसंस्कृति की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। साथ ही यह सम्मान अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है कि यदि कार्य निष्पक्षता,




संवेदनशीलता और समर्पण के साथ किया जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्वत: मिलती है। देशभर के लगभग 800 जिलों में कार्यरत जिलाधिकारियों और डिप्टी कमिश्नरों के प्रशासनिक प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता, नवाचार और जनसरोकार के आधार पर यह सूची तैयार की गई है। प्रारंभिक सूची में करीब 100 अधिकारियों को शामिल किया गया है, जिनमें से आगे शीर्ष 25 अधिकारियों का अंतिम चयन किया जाएगा। चयनित अधिकारियों के नाम फेम इंडिया मैगजीन के जून अंक में प्रकाशित किए जाएंगे। उत्तराखंड से इस सूची में स्थान बनाने वाले अधिकारियों में रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य, हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल शामिल हैं। इन अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासन को अधिक जवाबदेह व संवेदनशील बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। यही कारण है कि उनकी कार्यशैली को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। उत्तराखंड के लिए यह उपलब्धि केवल पांच अधिकारियों का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे राज्य की प्रशासनिक कार्यसंस्कृति और सुशासन की सोच को मिली राष्ट्रीय मान्यता है।

## किराना स्टोर से स्कॉर्पियो सवार बदमाश नगदी व सामान ले उड़े

गदरपुर। क्षेत्र के सरदार नगर चक्की स्थित सतनाम किराना स्टोर में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। बताया जा रहा है कि चोर स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर आए थे। जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 3:30 से 3:45 बजे के बीच बदमाशों ने कटर से दुकान के शटर का ताला काटा और




दुकान के अंदर घुस गए। चोर दुकान के गल्ले में रखी करीब 70 से 80 हजार रुपये की नगदी के साथ-साथ काजू, बादाम, किशमिश आदि के पैकेट भी चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह दुकान स्वामी को तब हुई जब वह दुकान खोलने पहुंचे। शटर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की है। बताया जा रहा है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें स्कॉर्पियो वाहन दिखाई देने की संभावना है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## दो सगे भाइयों के झगड़े ने उजाड़ा आशियाना

### बेटी के इलाज के लिए मां हल्द्वानी गई थी, पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया




रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में दो सगे भाइयों के बीच हुए विवाद ने एक गरीब परिवार का आशियाना उजाड़ दिया। मामूली कहासुनी के बाद एक भाई ने गुस्से में घर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और घर का सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय मां बेटी के इलाज के लिए हल्द्वानी गई हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र की गोविंदनगर गली नंबर-10 निवासी विमला देवी अपने दो बेटों और एक बेटी के साथ रहती हैं। वह दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करती हैं। सोमवार को वह अपनी बेटी के इलाज के लिए हल्द्वानी गई थीं। इसी दौरान शाम करीब चार बजे उनके दोनों बेटों मोहित और दीपक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कहासुनी बढ़ने पर एक भाई ने दूसरे पर हमला करने का प्रयास किया। इससे आक्रोशित होकर दूसरे भाई ने पेट्रोल डालकर कमरे में आग लगा दी। आग लगते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत दमकल विभाग तथा पुलिस को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी उनकी मां को दे दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है।




## चोरी की तीन एक्टिवा सहित किशोर को पकड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के सख्त निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चोरी की तीन स्कूटियों का सफलतापूर्वक अनावरण किया है और एक विधि-विवादित किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 12.मई की रात्रि पटेल चौक के पास से खरीद-फरोख्त में प्रयुक्त एक्टिवा संख्या यूके 04 टी 1655 चोरी होने की रिपोर्ट ईला गुप्ता पत्नी अंकुर गुप्ता, निवासी नियर ओके होटल, नैनीताल रोड, हल्द्वानी ने कोतवाली में तहरीर देकर दी थी। इसी प्रकार ललित पंत पुत्र स्व. बंधीधर पंत, निवासी सुभाषनगर एवं सोमिल कुमार निवासी भोटिया पड़ाव ने भी अपनी-अपनी स्कूटियों की चोरी की तहरीरें दीं। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी ने तत्काल अनावरण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल तथा क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह मेहता के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच और संदिग्धों से पूछताछ कर लगातार छानबीन की। उसके फलस्वरूप घास मंडी मंगल पड़ाव क्षेत्र से एक विधि-विवादित किशोर के कब्जे से चोरी की एक्टिवा यूके 04 टी1655 बरामद हुई। पूछताछ एवं निशानदेही पर रामलीला ग्राउंड से अन्य दो एक्टिवा भी बरामद की गई। किशोर को नियमानुसार पुलिस संरक्षण में लिया गया है। बरामद वाहनों में एक्टिवा यूके 04 टी 1655, एक्टिवा यूके 04 डब्लू 4330 तथा एक्टिवा यूके 01 बी 7568 शामिल है। टीम में उप निरीक्षक गौरव जोशी चौकी प्रभारी, मंगल पड़ाव, अपर उप निरीक्षक मान सिंह कुंवर, का. संतोष बिष्ट व धीरज कुमार शामिल थे।



## बिना पंजीकरण संचालित चार क्लीनिकों बंद कराए

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने जनहित और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए बिना पंजीकरण के संचालित कई क्लीनिकों को बंद कराया व पैथोलॉजी लैब अनियमितताओं के चलते नोटिस दिया। यह कार्रवाई डॉ. सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में गठित स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त क्लीनिक क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत नहीं थे और बिना किसी वैध दस्तावेज के मरीजों का उपचार किया जा रहा था। जनहित में जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्लीनिकों को बंद कराया गया।बंद कराए गए क्लीनिक में जी के फार्मा क्लीनिक,सितारगंज, फैमिली क्लीनिक, सितारगंज, सुब्रत क्लीनिक, सितारगंज व वसीम अंसारी क्लिनिक, सितारगंज शामिल हैं। टीम द्वारा नोटिस रॉयल क्लीनिक ,सितारगंज, आरोग्य पैथोलॉजी लैब,सितारगंज व शोभा पैथोलॉजी लैब,सितारगंज को नोटिस जारी किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे सभी अवैध क्लीनिकों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।